
सांसद ने रामेश्वर धाम में पूजन अर्चन अभिषेक कर किया हनुमान प्रतिमा का अनावरण, रामेश्वर धाम में भगवान शिव के दर्शन करने के लिए पहुंचे हजारों भक्त

# हर-हर महादेव से गूंज उठे शिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रामेश्वर धाम सिहोरामाल में सांसद बंटी विवेक साहू ने परिवार सहित सुबह विधि विधान से भगवान शिव की पूजन अर्चन कर अभिषेक किया, इसी के साथ ही मंदिर प्रांगण में स्थापित की गई हनुमान जी की प्रतिमा का भी विधि विधान से पूजन कर उसका अनावरण किया। इस दौरान रामेश्वर धाम में भगवान शिव के दर्शन करने के लिए, छिन्दवाड़ा जिले सहित अन्य जिलों भर से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे, जिन्होंने भगवान शिव का पूजन अर्चन कर आर्शीवाद लिया। छिन्दवाड़ा में श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट द्वारा स्थापित की गई, 81 फीट की रामेश्वर धाम स्थित विशाल भगवान शिव की प्रतिमा के दर्शन करने के लिए छिन्दवाड़ा सहित अन्य जिलों एवं प्रयागराज जा रहे और वहां से लौट कर आ रहे अन्य राज्यों के शिव भक्त यहां पहुंचे हुए थे। इस दौरान श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट द्वारा शिव भक्तों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जिसमें भी सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भगवान शिव का प्रसाद ग्रहण किया। श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा यहां पहुंचने वाले सैकड़ों शिव भक्तों के लिए पर्याप्त भंडारा, पानी एवं बैठक व्यवस्था की गयी थी। रामेश्वर धाम में स्थापित विशाल शिव प्रतिमा की करीब से एक झलक पाने और फोटों लेने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। रामेश्वर धाम की व्यवस्था संभालने में श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी संगठनों से कई सदस्य, स्थानीय ग्रामवासियों व महिला मंडल की महिलाएं एवं प्रशासनिक अमला सुबह से देर रात तक लगा रहा। श्री रामेश्वर धाम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उक्त आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।



## मोक्षधाम के महाकाल का दरबार में भक्तों की भीड़, हुए भंडारे

शिवरात्रि पर पातालेश्वर स्थित महाकाल के मोक्षधाम मंदिर में बाबा की महा भस्मी आरती पूजन पाठ किया गया। श्री महाकाल मोक्षधाम मारुति नंदन सेवा समिति के अध्यक्ष बब्लू पांडे जी द्वारा जानकारी दी कि शिवरात्रि के दिन 26 फरवरी बुधवार को प्रातः 4 बजे से विशेष पूजन पाठ महाअभिषेक का कार्यक्रम किया गया। इसकी साथ ही प्रातः 5 बजे विशाल भंडारे में चाय, गरमा गर्म साबूदाने की खिचड़ी का वितरण भी आरंभ किया गया। विशाल डीजे नाइट शो म्यूजिक के साथ भक्त भक्ति भावना के साथ बाबा की शादी के अवसर में झूमे। जिसमें दोपहर में 12 बजे भगवान भोलेबाबा जी, भूत पिशाच, बाबा के भक्तगणों के साथ की दिव्य भव्य बारात झांकी स्वरूप मोक्षधाम से निकाली गई। मंदिर प्रांगण में ग्रामीण मंडलियों के द्वारा सीताराम नाम उदघोष सत्ता का जाप पाठ दोपहर 3 बजे से आरंभ हुआ। मंदिर के पुजारी शुभम पांडे ने बताया शिवरात्रि में। बाबा का दिव्य विशेष श्रृंगार के साथ संध्या काल 7 बजे से बाबा महाकाल की महाभस्मी आरती की गई।



## पांचवी टेकड़ी 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर में हुई पूजा अर्चना एवं रूद्राभिषेक

सौंसर। बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के पांचवी टेकड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे बने 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर में महाअभिषेक महाप्रसाद वितरण किया गया। श्री रामसेवा समिति पॉचवी टेकड़ी सौसर की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे स्थापित 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष पूजा अर्चना की गई है। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ एवं 12 लिंगो के दर्शन करने के लिए दिनभर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी भक्तों एवं महिलाओं का तांता लगा रहा। इस दौरान श्री श्री शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज के द्वारा भी पांचवी टेकडी स्थित 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को नमन किया इस दौरान श्री राम सेवा समिति के पदाधिकारी के द्वारा महाराज श्री का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया है।श्री रामसेवा समिति से जुड़े पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण चाके,नरेश गोयल, ने बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव पर दिनभर महिला मंडल द्वारा भजन ओर महाप्रसाद का आयोजन हुआ है। पांचवी टेकड़ी पर भगवान भोलेनाथ बजरंगबली लक्ष्मी पार्वती 12 ज्योतिर्लिंग का निर्माण किया गया है।



## अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना करके भक्तों ने लिया आशीर्वाद

सौंसर। बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में सूरज की पहली किरण के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस दौरान दिनभर हजारों भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। वही मंदिर परिसर में प्रख्यात कथावाचक देवी चित्रलेखा के द्वारा किए जा रहे श्रीमद् भागवत कथा में भी हजारों की तादाद में लोगों ने पहुंचकर भगवान के विभिन्न लीलाओं का श्रवण किया।महाशिवरात्रि पर्व पर अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान की ओर से सुरक्षा पेयजल पार्किंग महाप्रसाद आदि की व्यवस्था बनाई थी। अर्धनारीश्वर के दर्शन का सिलसिला सूरज की पहली किरण के साथ देर शाम तक चलता रहा है। इस दौरान रिधोरा पीपला मार्ग घोघरा ओर राघादेवी मंदिर परिसर में लगे विशाल मेले में शिव भक्तों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन करते हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया है। वही नगर में शाम को नगर में शिव पार्वती विवाह के साथ भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। इस दौरान विभिन्न चौक चौराहों पर शिव बारात का फूलों का वर्षा होकर स्वागत सत्कार किया गया।



## महाशिवरात्रि पर बड़ा देव का 5 नदियों के जल और दूध से हुआ अभिषेक

न्यूटन / परासिया :- पश्चिमी न्यूटन वार्ड नं 8 में स्थापित प्रकृति शक्ति बड़ा देव प्रतिमा का पूजन किया गया । आदिवासी भुमका योगेंद्र तेकाम द्वारा सर्वप्रथम गंगा , नर्मदा , पेंच , सुकरी , घटामाली ये प्रमुख नदियों के जल और दूध से प्रतिमा का स्नान कर अभिषेक कर पुष्प अर्पित किया गया । विधिवत विशेष पूजन कराया गया ।बड़ा देव की महासुमरनी की गई । उपस्थित आदिवासी समाज द्वारा पूजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए ।फलाहार , हलुआ पुरी का प्रसाद वितरण कराया गया । पूजन में महेश सराठी जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद , माया धुर्वे , संजय सराठी , राजेंद्र मरकाम , राहुल सराठी , अशवनी मरकाम , नंदू इरपाची , सतीश सराठी , रूपेश इरपाची , विजय बरकड़े , सत्यवान उइके , दुर्गा उईके , राखी उईके , सीमा वाडीवा , एस व्ही सराठी , रायवती सराठी , यसवंत वाडीवा , हरीश उईके , मयूर सल्लाम , सुदेश भलावी , सोनू इरपाची , गुमान इरपाची , मनोज मरकाम , श्याम परतेती , अनिकेत सराठी , धर्मेंद्र सराठी सहित आदिवासी समाज द्वारा पूजन किया गया ।

## मोहगांवहवेली में महिला मंडल ने किया महाप्रसाद का वितरण

सौंसर। महाशिवरात्रि पर जिला माहेश्वरी महिला मंडल की ओर से मोहगांव अर्धनारीश्वर मंदिर परिसर में आए हुए भक्तों को साबूदाने की खिचड़ी एवं लड्डू,महाप्रसाद का वितरण किया गया। माहेश्वरी महिला मंडल की जिला सचिव श्रीमती मंजरी गोदानी, संचार मंत्री प्रियंका बागानी, बताएं कि संस्था की ओर से क्षेत्र में होने वाले विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों में मदद करते हुए इस प्रकार की आयोजन निरंतर किए जाते हैं। मंदिर में आए हुए सभी हजारों भक्तों को महाशिवरात्रि पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए महाप्रसाद खिचड़ी लड्डू का वितरण किया गया है। इस दौरान मयूरी चांडक, सांस्कृतिक मंत्री प्राची माहेश्वरी,राखी सावल, रेखा राठी, ऊषा चांडक, कविता बगानी, ज्योति डांगरा ,साधना सावल, मोनिका भट्टा, श्वेता महेश्वरी, ऊषा नाभरिया, छाया कुलधारिया, लता नाहर, राधिका डांगरा, परी डांगरा, काव्य डांगरा, जानवी बागनी, वैभव बागनी आदि सहयोग किया






## चांदादेव शिव मंदिर में शिवरात्रि पर हुए धार्मिक आयोजन

परासिया :- चांदादेव पहाड़ी शिव मंदिर चांदामेटा में स्थिति प्राचीन शिव मंदिर जो कि पहाड़ों पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर है । शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर प्रांगण में रात्रि बारह बजे से विशेष महाअभिषेक का आयोजन किया गया । सुबह बारह बजे पुनः महाअभिषेक हवन पूजन आरती महा प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन ढोलबाजे के साथ त्रिशूल लेकर पूजन करने पहुंचे । प्रथम सीढ़ी पर जय श्री महाकाल समिति वार्ड नंबर एक द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जो सुबह से निरंतर शाम तक जारी रहा । मंदिर पहुंचने के लिए न्यूटन चांदामेटा मार्ग दिन भर काफी व्यस्त रहा ।भंडारे का आयोजन महाकाल समिति द्वारा वर्षों से शिवरात्रि पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है । जिसने मुख्य रूप से विधायक सोहनलाल बाल्मीक , गोविंद बजोलिया , बृजकुमारी सरेआम , बलराम सरेआम , कमलसिंह राठौर , राकेश शर्मा , मनोज सनोड़िया , अमजद खान , नीरज बाथरी आदि उपस्थित रहे ।



## पहली पारी में हजारों लोगों ने किया शुभ स्नान, शिवालयों में सुबह से ही महा अभिषेक के साथ की गई शिवजी की पूजा अर्चना

जुन्नारदेव। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में बोल बम और ऊं नमः शिवायः के जयकारे गूंज उठे। सुप्रसिद्ध देव स्थलीय विशाला पहली पायरी में स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने दूध और जल से महादेव का अभिषेक कर पूजा अर्चना की व आशीर्वाद लिया। देर शाम तक शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। जुन्नारदेव विशाला पहली पायरी मंदिर में बुधवार को एक दिवसीय मेला लगा। यहां दूर दराज से श्रद्धालु सुबह से महादेव का दर्शन पाने पहुंचे थे। सुबह 4 बजे शिवजी का जल व दूध से अभिषेक किया गया। इसके बाद महाआरती की गई, इसके बाद श्रद्धालुओं ने पहली पायरी मंदिर में जल भरकर शिवलिंग पर अर्पित किया। शाम 5 बजे भी पूजा अर्चना के साथ महाआरती की गई। इस दौरान मंदिर के बाहर होटल, मनिहारी, सौंदर्य सामग्री बच्चों के खिलौने कुल्फी छत के ठेले आकर्षक झूले सहित अन्य दुकानें लगी रही। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस पार्किंग सहित मंदिर परिसर में मौजूद रही थाना प्रभारी राकेश बघेल सहित उनका स्टाफ वहां व्यवस्था के साथ-साथ शांति व्यवस्था पर विशेष जोर देता नजर आया। मंदिर परिसर में बीते 6 दिनों से चल रहे भंडारे का आनंद सातवें दिन भी शिव भक्तों ने लिया जहां पर भंडारे का स्वादिष्ट भोजन प्रसाद भक्तों द्वारा ग्रहण किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य भक्तों द्वारा भी मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। देर शाम तक पहली पायरी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मार्ग निर्माण व पेयजल की व्यवस्था किए जाने से अब यहां हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं नगर के श्रद्धालु व्यवस्था बनाने अपना सहयोग दे रहे थे। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर फूल, बेलपत्र, आंक, धतूरा, नारियल, दूध आदि की जमकर पूछ परख रही। शिव मंदिरों के सामने कई लोगों ने फूल पान व नारियल अगरबत्ती की दुकानें लगाई और पूजन सामग्री बेची। महाशिवरात्रि पर नगर के सहित अन्य क्षेत्रों के नाग मंदिर रेलवे परिसर के पास शिव भक्त, संस्थाओं द्वारा मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को खीर-पूडी का प्रसाद वितरित किया गया। नगर के शिव मंदिरों में भक्तों द्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी का वितरण किया जा रहा था। इसी तरह नाग मंदिर रेलवे परिसर,पुरानी बस्ती मार्ग,पहली पारी, हमारे हनुमान अन्य जगहों पर भण्डारा का आयोजन किया गया। नगर में भोले बाबा के भक्तों द्वारा शिवरात्रि के पावन अवसर पर भोले बाबा की बारात निकाली गई इस बारात में सैकड़ो की संख्या में नगर के श्रद्धालु बाराती बनकर झूमते नजर आए जहां पर भोले बाबा के स्वरूप में झांकी के साथ-साथ बारात में भोले बाबा के गाने नदी भूत पिशाच आदि की झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही बैंड बाजे डीजे की धो पर छिड़कते हुए झांकी का समापन पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में देर रात्रि किया गया।



## करमोहनीबंदी में पूजा करने उमड़े भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों कि भीड़ उमड़ पड़ी करमोहनीबंधी बंधी घोडावाड़ी मोक्षधाम में स्थित महाकाल मंदिर में सार्वजनिक रूप से सुबह अभिषेक पूजा पाठ कर महाप्रसाद वितरण किया गया वहीं लोधेश्वर मंदिर, शिवाजी चौक घोडावाड़ी बस स्टैंड का हनुमान मंदिर और करमोहनीबंधी, पुरैना के मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। भंडारा का वितरण जगह जगह दिन भर चलता रहा जिसमें ग्रामीणों सहित राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।। वहीं मंदिरों में महिलाओं द्वारा भजन गायन किया गया।। ग्रामीणों ने बताया कि देशभर के सभी ज्योतिर्लिंगों और शिवालयों में महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों की भारी भीड़ होती है. जहां पर शिवलिंग का जलाभिषेक विधि-विधान के रूप में किया जाता है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शंकर की पूजा करने से भक्तों को विशेष लाभ की प्राप्ति होती है.

### न्यायालय छिंदवाड़ा ने सुनाया फैसला, पांच हजार का लगाया अर्थदंड

## मारपीट के आरोपी को चार वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मंगलवार को माननीय सत्र न्यायाधीश छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 80/2024 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी करण उर्फ धमना परतेती पिता सिरजलाल निवासी चूना भट्टा, कैलाश नगर थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाड़ा को चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है।घटना इस प्रकार है कि प्रार्थी मनीष पिता हरि प्रसाद उईके उम्र 21 साल निवासी चुना भट्टा कैलाश नगर ,थाना कुंडीपुरा द्वारा चौकी धरमटेकड़ी में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लिखवाई थी की ,घटना दिनांक 23.4.2024 को दिन के करीब 11:30 बजे जब मनीष सतीश परतेती के घर के पास खड़ा था ,तभी वहां पर करण उर्फ धमना आया और प्रार्थी से बोला कि तू उधारी के रुपए कब वापस देगा प्रार्थी द्वारा यह कहे जाने पर की उसके पास अभी पैसे नहीं है, मैं बाद में दे दूंगा, इस बात पर से अभियुक्त करण उर्फ धमना ,मनीष को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा गाली देने से मना करने पर करन ने वहीं पड़ी कांच की बोतल उठाया और उसे तोड़कर प्रार्थी मनीष के बाएं तरफ गर्दन और दाहिने हाथ की भुजा में मार दिया ,जिससे मनीष को चोट लगकर खून निकलने लगा उसके द्वारा चिल्लाये जाने पर पड़ोस के विजय राजपूत और अजीत रोड आए और बीच बचाव किया तो करण उर्फ धमना द्वारा घटना कारित कर प्रार्थी मनीष को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। थाना कुंडीपुरा पुलिस द्वारा अभियुक्त करण उर्फ धमना के विरुद्ध अपराध क्रमांक 333/ 2024 धारा 326,324,294,506,323 भादवि का पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई थी। पुलिस द्वारा साक्षियों के कथन लेखबद्ध कर विवेचना उपरांत प्रकरण से संबंधित चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध विचारण प्रारंभ किया गया तथा साक्षियों के न्यायालय में कथन लेखबद्ध किए गए। विचारण पश्चात साक्षियों के कथनों एवम अन्य साक्ष्य के आधार पर माननीय सत्र न्यायाधीश छिन्दवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार द्वारा आरोपी करन उर्फ धमना को धारा 326 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध का दोषी पाते हुए,आरोपी 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000/—रुपए तथा धारा 294 भादवि में एक माह कारावास व 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किये जाने के आदेश पारित किए गए। मध्य प्रदेश शासन की ओर से लोक अभियोजक अजय पालीवाल द्वारा पैरवी की गई।

## पालक महासंघ ने मार्च में पुस्तक मेला लगाने की मांग की

छिंदवाड़ा। अभिभावको के हितों में लड़ने वाला प्रदेश स्तरीय संगठन पालक महासंघ ने पुस्तक मेला जल्दी लगाने की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों की द्वारा निर्धारित दुकानों से पुस्तको और गणवेश की विक्री की जाती है जिससे पालकों को ऊंचे दामों में सामग्री खरीदी पड़ती है जिससे मुनाफा खोरी को बढ़ावा मिल रहा है विगत वर्ष पुस्तक मेले की अच्छी शुरुआत प्रशासन द्वारा की गई किंतु यह मेला मई माह में लगाया गया था जिससे कोई खास लाभ नही हुआ पहले ही पुस्तके बिक्री कर दी गई थी। अभी इसे मार्च माह के प्रथम सप्ताह में लगाए जाने की मांग पालक महासंघ ने प्रशासन व शिक्षा विभाग से की है। जहां दुकानदारों से अधिक से अधिक प्रतिशत में छूट देने का भी आग्रह किया गया है यह व्यवस्था हो तो पालको को वास्तव में राहत मिलेगी। स्कूलों की गणवेश तीन वर्ष से पहले न बदली जावे। विगत सत्र में छिंदवाड़ा में प्राइवेट स्कूलों की करोड़ो की पुस्तकें महंगे दामो में बेची गई थी, इस पर रोक लगना चाहिए व स्कूल संचालकों व दुकानदारों पर नियम तोडने पर कार्यवाही की जाने के निर्देश प्रसारित किए जावे।

## परासिया नगर पालिका के सफाई कर्मचारी 21 फरवरी से हड़ताल पर

# हड़ताल से सफाई व्यवस्था चरमराई, परिषद झाड़ू लेकर सड़क पर उतर आई

हरिभूमि न्यूज >> परासिया



परासिया नगर पालिका के सफाई कर्मचारी 21 फरवरी से हड़ताल पर है। जिससे शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। वहीं शिवरात्रि पर नगर परिषद नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में साथियों के साथ झाड़ू लेकर सड़क पर उतर आई। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी बीते चार दिनों से काम बंद हड़ताल पर है। शिवरात्रि पर नगर की सफाई व्यवस्था की कमान परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने संभाली।

बुधवार को सुबह वे अपने साथियों के साथ झाड़ू लेकर सडकों पर उतरे। सड़क और मंदिर की सफाई की गई। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुवर, सभापति आशीष जायसवाल, पवन सूर्यवशी, शशि सतनामी, कुती उईके, सुषमा चौरसिया, पार्षद नरेंद्र विश्वकर्मा, संतोष डेहरिया, उदय गौतम, सुनील सत्यार्थी ने हाथों में झाड़ू थामकर सफाई की। परासिया के शिव मंदिर की सफाई की गई। इसके अलावा गणेश मंदिर, पिपरिया रोड, मुख्य मार्ग की सफाई की गई। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा, कि सफाई कर्मचारी हडताल पर है। उनकी जायज मांगे मान ली गई है।

इसको लेकर लिखित में आश्वासन दिया गया, लेकिन कई अनुचित मांगे है। जिन्हें पूरा करना परिषद के हाथ में नहीं है। इन अनुचित मांगों को लेकर कर्मचारी हडताल पर है। शिवरात्रि पर नागरिकों को परेशानी न हो इसके कारण बुधवार को पार्षदों और सभापतियों ने खुद सफाई की गई।

शहर में सफाई के लिए अन्य विकल्प तलाशे जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से कहा, कि जब तक अन्य विकल्प नहीं तलाशे जाते तब तक नागरिक सड़कों पर गलियों में और आसपास कचरा न करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अन्य विकल्प तलाशकर नगर की सफाई व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी।

## 100 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज >> सिंगोड़ी

वार्ड नंबर 3 मे लगभग 4 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाली 100 मीटर सीसी रोड़ का भूमि पूजन जनपद पंचायत प्रतिनिधि योगेश यादव एवं सरपंच ग्राम पंचायत कपिल ठाकुर व अन्य की मौजूदगी में पूरी विधि विधान के साथ किया गया। आपको बता दें कि लंबे समय से वार्ड नंबर 3 के निवासी रोड़ निर्माण को लेकर मांग कर रहे थे। वार्ड वासियों ने बताया कि बरसात में या अन्य समय पर थोड़ी सी भी बरसात हो जाती थी तो यहां पर भारी कीचड़ हो जाता था जिसमें आने-जाने में काफी समस्या होती थी इसी को लेकर जनपद पंचायत प्रतिनिधि एवं सरपंच महोदय से रोड़ निर्माण को लेकर हमने अपनी मांग रखी थी जिसके चलते सरपंच द्वारा रोड़ निर्माण का वादा किया गया था जिसे जनपद प्रतिनिधि योगेश यादव द्वारा जनपद पंचायत निधि से यह रोड़ निर्माण किया जा रहा है एवं जनपद प्रतिनिधि एवं ग्राम सरपंच का हम आभार व्यक्त करते हैं। अब इस मार्ग में इस सीसी सड़क बनने से वार्ड वासियों को राहत मिलेगी।

# अपने मनोविकार शिव को अर्पित करना सच्ची शिवरात्रिः गणेशी दीदी



हरिभूमि न्यूज >> छिंदवाड़ा

शिवरात्रि के पावन पर्व पर उपस्थित शिव के प्यारे भक्तों को ब्रह्माकुमारी गणेशी बहन ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा की परमपिता परमात्मा शिव के नाम कर्तव्य वाचक गुणवाचक है, जैसे अमरनाथ सोमनाथ बद्रीनाथ पशुपतिनाथ रामेश्वरम बटेश्वर पापकटेश्वर गोपेश्वर इत्यादि है। आत्मा को अमरता की ओर ले जाते हैं इसलिए अमरनाथ ज्ञान रूपी सोम रस पिलाते हैं इसलिए सोमनाथ मनुष्य के कर्म पशु तुल्य हो जाते हैं तो मनुष्य को पशु जैसे संस्कार से देवत्व की ओर ले जाने के कारण पशुपतिनाथ है। परमपिता परमात्मा शिव अज्ञानता रूपी अंधकार अर्थात कलयुग रूपी घोर रात्रि में अवतरित होते हैं। जिनकी याद में हम शिवरात्रि मानते हैं'₹ शिवरात्रि का अर्थ है कल्याणकारी रात्रि!₹ जिसमें पाप आत्मा, भूत आत्मा ,पुण्यात्मा, महान आत्मा, धर्मात्मा सभी प्रकार की आत्माओं का कल्याण करते हैं। परमपिता परमात्मा शिव इस कलयुग रूपी रात्रि में सभी मनुष्य आत्माओं से मनोविकार जैसे काम क्रोध लोभ मोह अहंकार ईर्ष्या घृणा नफरत को अर्पण करने को कहते हैं न की अर्क धतूरा गांजा भांग बीड़ी सिगरेट तंबाकू शराब तमाम नशीली वस्तु को शिव को अर्पण कर देना चाहिए और वह ज्ञान का सागर प्रेम का सागर आनंद का सागर है परमात्मा गुणों में सिंधु है। हम गुणों को जीवन में आत्मसात करने का मुख्य आधार राजयोग मेडिटेशन है। जिससे मनुष्य के संस्कारों में परिवर्तन होने लगता है और जब संस्कार परिवर्तन हो जाता है तब संसार परिवर्तन होने लगता है। आज प्रातः से ही ब्रह्मा कुमारीज के विश्व दर्शन भवन में परमपिता परमात्मा शिव की प्रतिमा शिवलिंग पूजा अर्पण अभिषेक कर शिव ध्वज फहराया गया,साथ ही ब्रह्माकुमारी की विभिन्न गीता पाठशाला के केयर टेकर श्रीमती किरण, पार्वती परतें ,महेश वर्मा, गुलाब बंआदे दिलीप माहओरे श्रीमती शांति गुप्ता आदि अन्य की उपस्थिति में एवं ब्रह्माकुमारी गणेशी दीदी के सानिध्य में दीप प्रज्वलंकर केक कटिंग के साथ माहा

## कलेक्टर ने महादेव मेले का भ्रमण कर भूरा भगत मंदिर में किए दर्शन



**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा जिले की जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा के ग्राम भूराभगत में आयोजित महादेव मेले का कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने भ्रमण किया और मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भूरा भगत मंदिर में भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने मेले में बनाए गई टेंट सिटी का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा स्वच्छता और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं। कलेक्टर ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सांसद अब विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन के बीएलए से करेंगे संवाद

### विधानसभा पांढुर्णा के ग्राम धनौरा से सांसद करेंगे शुरूआत

हरिभूमि न्यूज >> छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले की सभी विधानसभाओं में क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन के बीएलए से वन-टू-वन संवाद करेंगे। जिसका शुभारंभ सांसद श्री साहू पांढुर्णा विधानसभा के ग्राम नांदनवाड़ी मंडल के ग्राम धनौरा से 2 मार्च को करने जा रहे है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती, क्षेत्र की समस्याओं और कार्यकर्ताओं की बातों को सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही आपस में सामंजस स्थापित करने का प्रयास करना है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जी हमेशा ही अपने संगठन के कार्यक्रमों में कहते है कि क्षेत्र के कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ की हड्डी होते हैं, उनके प्रयासों से ही संगठन को मजबूती मिलती है। इस संवाद कार्यकम का उद्देश्य यही है कि क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जमीनीं समस्याओं का निराकरण करते हुए संगठन को मजबूत किया जाये। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा पांढुरना में दो मार्च 2025 को नानदवाड़ी मंडल के ग्राम धनौरा में उक्त आयोजन किया जायेगा, जिसमें विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन की प्रमुख खासियत यह होगी कि इसमें सभी अपेक्षित कार्यकर्ता अपने-अपने घर से अपना-अपना टिफिन लेकर आएंगे और सभी सामूहिक रूप से बैठकर भोजन करने के साथ ही क्षेत्र के मुद्दों पर चर्चा भी करेंगे।

इसका मुख्य उद्देश्य यह भी होगा कि क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता एक परिवार की तरह रहे और अपने आपसी विचारों को साझा करेंगे, जिसमें से जो विचार अच्छे होंगे उनको अन्य क्षेत्रों में भी अपनाने का प्रयास किया जाएगा।

क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से संवाद का कार्यक्रम दोनों जिलों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में क्रमशः किया जाएगा जिसकी तारिखों का ऐलान आगे होगा। उक्त बैठक में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को ड्डअनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

## विधायक दंपत्ति ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार, सुबह से लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



देवों के देव महादेव की आराधना के पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर वारासिवनी नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रातः काल जागेश्वर शिव मंदिर से नवयुवकों द्वारा नगर में विशाल बाईक रैली निकाली गई। हर हर महादेव के उद्घोष के साथ यह बाईक रैली नगर भ्रमण के बाद वापस मंदिर पहुँची। जहाँ पर श्रद्धाभाव के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया।

**मंदिरों में की गई आकर्षक साज सज्जा व विशेष पूजा अर्चनाः** जनपद पंचायत वारासिवनी के ग्राम पंचायत रमरमा की पहाडिय़ों में विराजे शिवालयों में साज सज्जा के साथ-साथ आकर्षक रोशनी की गई थी। सुबह 5 बजे से सभी मंदिरों में विधि-विधान के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया गया। वहीं अभिषेक के बाद हवन पूजन कर शिव भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पेंदीटोला में भव्य मेले का आयोजन किया गया। जहॉ पर हजारों श्रद्धालुजन एकत्रित हुए।

ग्राम पंचायत रमरमा के ग्राम पेंदीटोला में भगवान शिव की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसने पूरे ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान भगवान शिव की जीवंत झॉकी ग्रामीणों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बनी रही। इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपनी धर्मपत्नि व साथियों के साथ ग्राम पेंदीटोला पहुँच कर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने पहाड़ी पर विराजित भगवान महादेव के शिवलिंग की पूजा अर्चना की। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान विधायक विवेक पटले के कहा कि ग्राम रमरमा की पहाडिय़ों में बसे भगवान भोलेनाथ के मंदिर की एक अलग ही पहचान हैं। इस मंदिर के चारों ओर घना जंगल हैं, जो काफी सुंदर दिखाई देता हैं। इन पहाडिय़ों में हर प्रकार के जंगली जानवर निवास करते हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि इस क्षेत्र को एक पर्यटक स्थल बनाया जाये, सभी के सहयोग से पहले की अपेक्षा यह मंदिर भव्यता की ओर बनता जा रहा है। हम और भी इस मंदिर को भव्य बनाने प्रयास करेंगे। इस वर्ष पुलिस प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा मेले में बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। इस व्यवस्था को देखकर विधायक विवेक विक्की पटेल ने मेला समिति व प्रशासन की बेहद तारीफ की। विधायक विवेक पटेल ने अपनी धर्मपत्नि के साथ ग्राम वारा में पशुपतिनाथ मंदिर, शिवधाम मोहल्ले में शिव मंदिर, बुदबुदा, रमरमा, उपजेल वारा सहित अन्य शिव मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद ग्रहण किया।

## 4 वार्डो में शीघ्र ही पूर्ण होगा पाईप लाईन बिछाने का कार्य-संदीप मिश्रा सभापति

# 3 लाख लीटर क्षमता की नई पानी टंकी का निर्माण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगरपालिका परिषद वारासिवनी अंतर्गत वार्ड नम्बर 10, 11, 12 व 13 में पेयजल की समस्या को सुलझाने के लिए प्रदेश शासन की अमृत 2.0 के अंतर्गत पेयजल टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब इन वार्डो में पाईप लाईन बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा हैं। इस योजना के तहत स्वर्गीय घेवरचंद चौहान सामुदायिक भवन के बाजू में 3 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी बन कर तैयार हो गई हैं।

पेयजल सप्लाई के लिए इन वार्डो में पाईप लाईन विस्तार के चल रहे कार्य का सोमवार को लोक निर्माण विभाग सभापति संदीप मिश्रा व सामान्य प्रशासन विभाग सभापति योगेन्द्र मोनू लिमजे ने नगरपालिका उपयंत्री सुमित मोटवानी व नपा अमले के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड नम्बर 10 में कांजी हाउस से वार्ड नम्बर 11 में सुलभ शौचालय तक, अमित येरपुडे के घर से स्वर्गीय राधाकिशन मिश्रा ग्रंथालय तक, मयूर सेन्द्रे के मकान से हनुमान मंदिर तक, कुम्हारी मोहल्ले से हनुमान मंदिर तक, स्वर्गीय डॉ छगन शुक्ला के मकान से कुम्हारी मोहल्ले तक बिछायी जा रही पाईप लाईन की गुणवत्ता व कार्य का निरीक्षण किया। वहीं वार्ड नम्बर 11 में बुल्लो कामरी के मकान से मार्डन पब्लिक स्कूल तक, पानी टंकी से सुरेश करकाडे के मकान तक, श्रीकृष्ण मंदिर से सुखदास गोखले के मकान होते हुये केशव गोखले के घर तक, जगदीश नेमा के घर से प्रभुराज पांडे के घर से होते हुये संतोष कुल्हाडे के घर तक नयी पाईप लाईन बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है। इन चारों वार्डों में कार्य एजेंसी को नयी पाईप लाईन बिछाने के निर्देश दिये गए है।

निरीक्षण के दौरान सभापतिद्वय को कुछ स्थानों पर नवनिर्मित सडक़ व नालियॉ क्षतिग्रस्त दिखी, तो उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण होने के बाद क्षतिग्रस्त सडक़ों व नालियों की भी तत्काल मरम्मत की जाये। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर नई पाईप लाईन बिछाने के दौरान पुरानी पाईप लाईन के क्षतिग्रस्त होने पर उसे भी सुधारने की हिदायत ठेकेदार को दी गई।

पाईप लाईन विस्तार कार्य का निरीक्षण करने के बाद लोक निर्माण सभापति संदीप मिश्रा ने बताया कि यह वार्ड ऊॅंचाई पर होने के कारण यहॉ पर पर्याप्त पानी नहीं पहुॅंच पाता था। इसीलिए पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के दिशा निर्देश पर मध्यप्रदेश शासन की अमृत 2.0 योजना के तहत पेयजल टंकी निर्माण व पाईप लाईन विस्तार की योजना बनाकर भेजी गई थी। जिस पर प्रदेश शासन द्वारा लगभग 3 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई हैं। उसी राशि से पेयजल टंकी व पाईप लाईन विस्तार का कार्य करवाया जा रहाहै। इस योजना के पूर्ण हो जाने के बाद इन चारों वार्डो के नागरिकों की पेयजल की समस्या सुलझ जायेगी।

## बौद्धों को सौंपी जाए बोधगया बुद्ध विहार की जिम्मेदारी अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े

# बुद्ध प्रतिमा स्थापना की मनाई गई 5 वीं वर्षगांठ



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के ग्राम पौनिया के मातोश्री रमाई बुद्ध विहार में जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा तिरोड़ी, समता सैनिक दल शाखा तिरोड़ी और मातोश्री रमाई बुद्ध विहार पौनियां के संयुक्त तत्वाधान में तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना की 5 वीं वर्षगांठ वर्धापन दिवस को बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. इस मौके पर बुद्ध विहार में जगत विख्यात बौद्ध भिक्खु भदंत संघरत्न मानके (जापान) और भदंत धम्म शिखर (बालाघाट) ने बुद्ध वंदना कर त्रिशरण पंचशील का पाठ किया. इस दौरान बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएं मौजूद रहे. इसके पश्चात बौद्ध भिक्खुओं के द्वारा धम्म देशना दी गई. भंते धम्म शिखर ने बौद्ध उपासक-उपासिकाओं को संबोधित करते हुए डॉ बाबा साहब अंबेडकर द्वारा लिखी एक किताब का जिक्र करते हुए कहा कि उनका सपना था कि आर्थिक क्रांति करना है तो पहले आपको राजनीतिक क्रांति करना जरूरी है और उन्हें राजनीतिक क्रांति करना है उनके लिए सामाजिक क्रांति जरूरी है और उन्हें सामाजिक क्रांति करना है उसके लिए धम्म क्रांति जरूरी है. अगर धम्म क्रांति होगी तभी सामाजिक होगी तभी राजनीतिक होगी और तभी आर्थिक क्रांति होगी. इसलिए शील, सदाचार, आचरण का पालन महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि आपके कानों में कई शब्द सुनाई आते है वह सच है गलत है इसे आपको तय करना पड़ेगा जब तक सच्चाई सत्य को नहीं पकड़ेंगे तो आप हमेशा भ्रमित रहेंगे. उन्होंने एक कहानी के जरिए बौद्ध धम्म का जीवन में क्या महत्व है इसे बेहद ही विस्तार से बताया और सभी को बौद्ध धम्म के अनुसार आचरण करने कहा. उन्होंने कहा धम्म अपने जीवन को आदर्श, सुख, शांति, पवित्रता, निर्मलता धारण करने के लिए होता है।

भंते संघ रत्न मानके ने भंते अनेक (थाईलैंड) के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि पौनियां से उनका नाता कुछ और नहीं बल्कि धम्म का नाता है. वरना थाईलैंड में बैठा हुआ वह शख्स भारत के कटंगी के इस छोटे से पौनियां गांव में कभी ना आता. थाईलैंड में बौद्ध भिक्खु को विशेष दर्जा मिला हुआ है. अगर भंते अनेक चाहते तो आराम से अपना जीवन जी रहे होते लेकिन वह विश्व के अलग-अलग देशों के गांव-गांव में बुद्ध के अनुयायी को खोज-खोज कर वहां जा रहे है. उन्होंने कहा बाबा साहब अंबेडकर के सपने को साकार करने का एक प्रतीक बुद्ध धम्म का प्रचार-प्रसार करना है।

# महाशिवरात्रि का उत्साहः शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंज रहे बम-बम भोले के जयकारे



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** महाशिवरात्रि पर्व शिव भक्तों के लिए किसी भी महापर्व से कम नहीं है. इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व का 26 फरवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया . महाशिवरात्रि पर्व के दिन देश भर के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रहती है, लेकिन लाँजी में 1000 साल पुराने कोटेश्वर धाम मंदिर की महिमा देखने लायक होती हैं.महाशिवरात्रि के पावन पर्व लाँजी शिव नगरी के बाबा कोटेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सुबह से ही शिव भक्त मंदिरों में पहुंच रहे हैं।वंही महाशिवरात्रि के मौके पर कोटेश्वर मंदिरमें सेवको ने एवं प्रशासन ने व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पावन अवसर पर नगर में भक्ति और उत्साह का अनोखा मेल देखने को मिल रहा है।

महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को लाँजी तहसील के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व शिवालयों में दिन भर बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे। वंही लाँजी कोटेश्वर मंदिर में रात्रि के 12 बजे के बाद से ही भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। कोटेश्वर मंदिर में रात्रि से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

लांजी में स्थित भगवन शिव का एक मंदिर है जिसे कोटेश्वर धाम या कोटेश्वर दादा के नाम सेजाना जाता है. यह स्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर मौजूद है और भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र भी है. दूर दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते है इसके साथ ही यहां पर साल भर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता हैं.इस मंदिर के सेवक राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण 11 वी शताब्दी में हुआ था.. वही वर्ष 1900 में यह अस्तित्व में आए इस मंदिर का निर्माण ब्रिटिश शासनकाल में तत्कालीन तहसीलदार रामप्रसाद दुबे ने कराया था..इस कोटेश्वर मंदिर को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है.कोटेश्वर महादेव मंदिर पूर्व की ओर मुख किए हुए है।

**महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर व मेले के आसपास,पुलिस प्रशासन मुस्तैदः** शिवरात्रि पर्व को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंजुल अयंक मिश्रा ने लाँजी में स्थित समस्त कोटेश्वर मंदिर पर पुलिस की तैनाती की है। वहीं मंदिर सहित मेले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। आपको बता दें लाँजी में कोटेश्वर मंदिर पर भव्यता के साथ शिवरात्रि के कार्यक्रम किए जाते हैं। वहां भी पुलिस के कड़े इंतजामात रखे गए। वही अनु विभागीय अधिकारी राजस्व कमलचंद सिंहसार,लांजी एसडीओपी अंजुल अयंक मिश्रा, तहसीलदार हिम्मत भवेदी,नायब तहसीलदार संजय बारस्कर,थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी,नगर परिषद सीएमओ श्री बी एल लिल्लारे सहित सभी विभागों के कर्मचारी नगर में रहकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहें है।

## दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं क्रीड़ा उत्सव का आयोजन आज से

**वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं क्रीडा उत्सव का आयोजन 27 एवं 28 फरवरी को किया जा रहा हैं। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 हेमंत कुमार मंडाले, प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी के मार्गदर्शन, डॉ0 रक्षा निकोसे स्नेह सम्मेलन प्रभारी, विकास साहू क्रीडा उत्सव प्रभारी के संयोजन में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया जायेगा। दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन के प्रथम दिवस 27 फरवरी के प्रथम सोपान में कलात्मक गतिविधियों में मेंहदी, पुष्प सज्जा, सलाद सज्जा, पोस्टर-पेंटिंग, रंगोली, भाषण, वाद-विवाद, क्रीडा उत्सव गतिविधियों में टेनिस बॉल, क्रिकेट, दौड़, स्लो साईकल रेस, मिनी हर्डल रेस, कोन कलेक्शन रेस, बाल रेस, स्पून रेस, अन्य क्रीडात्मक गतिविधियॉ आयोजित की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### नीलामी कार्यवाही स्थगित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** तहसीलदार सिवनी द्वारा बताया गया कि ड्रीम लैण्ड सिटी पार्ट-2, पार्ट बी पर वर्ष 2012 में विकास कार्य की अनुमति लिये जाने के बाद भी विकास कार्य न कराये जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी के आदेशानुसार कुल 103 भूखण्डों का उपपंजीयक सिवनी से प्राप्त वर्तमान गाईड लाइन के आधार पर घोष विक्रय की कार्यवाही तहसील कार्यालय सिवनी भाग दो में दिनांक 28.02.2025 को नियत की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण की अपील अनावेदक मेसर्स रामदेव बाबा एंड पदमावती डेव्लहपर्स द्वारा न्यायालय कमिश्नर जबलपुर संभाग में किये जाने से मूल प्रकरण कमिश्नर जबलपुर को दिनांक 20.02.2025 को भेजा जा चुका है। अतः मूल प्रकरण के अभाव में दिनांक 28.02.2025 को होने वाली नीलामी कार्यवाही स्थगित की जाती है। आगामी नीलामी कार्यवाही के संबंध में पृथक से सूचना दी जायेगी।

# ओवरलोडिंग की शिकायत के इंतजार में परिवहन विभाग

**सिवनी जिले के लखनादौन में परिवहन व्यवस्था में किसी नियम का पालन होता दिखाई नहीं देता. यहां लगातार ऑटो, बसों कमांडर से लेकर टेक्टरों तक में लोग सफर करते है। सिवनी जिले की लचार परिवहन व्यवस्था के कारण स्थानीय लोगों को जान जोखिम में डालकर मौत का सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. वही बाहन संचालकों पर परिवहन विभाग की सख्ती न दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कहने को तो परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते है पर मैदानी हकीकत कुछ और नजर आती है जहां वाहन संचालक अपनी मनमर्जी करते दिखाई देते सिवनी में ओवरलोड वाहन जो झाबुआ थर्मल पावर प्रोजेक्ट कोयला आधारित रथर्मल पावर प्रोजेक्ट तहसील घंसौर में है इस प्लांट से निकलने वाली राख जो कि सीमेंट का स्वरूप मानी जाती है इसी राख को लाने के लिए नियम अनुसार कैप्सूल ट्रक में राख भर कर जाना चाहिए लेकिन यहां नियम का पालन कौन करता है।

सूत्रों की माने तो अभी कुछ दिन पहले ही सिहोरा के पास चुरका गांव में हुई दुर्घटना के बाद भी बरेला प्लांट से ट्रक राख भर कर आ रहा था बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी जिस से उसकी मौके पर मौत हो गई लेकिन लोग सबक लेने को तैयार नहीं है. वही प्रशासनिक उदासीनता के चलते वाहन मालिकों द्वारा निधर्धारित सीमा से अधिक यात्रियों को बिठा कर परिवहन किया जा रहा है. ओवरलोडिंग वाहनों लखनादौन शहर के अंदर से होकर जा रहे हैं इन ट्रकों की राख शहर की रोड में गिर रही है जिससे लोगों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं अब आम सी नजर आती है पर लोगों की मजबूरी कहें या वाहन संचालकों की मनमर्जी जिसके चलते लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर मौत का सफर करना पड़ता है।

लापरवाह प्रशासन सिवनी में परिवहन की जमीनी हकीकत जानने पर मालूम चला कि यहां ऑटो हो, बस हो या हो ट्रैक्टर ट्रॉली इन सभी वाहनों पर ओवरलोडिंग सवारियों हमेशा दिखाई देती है, जहां यात्री मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालते दिखाई देते है. वहीं पर्याप्त परिवहन उपलब्ध ना होने के चलते स्कूली छात्र इन वाहनों में सफर करने को मजबूर होते है. वहीं अगर जानकारों की मानें तो रहे है। परिवहन विभाग की मिलीभगत से संचालित खस्ताहाल वाहनों पर ना ही सुरक्षा के इंतजाम है न ही फिटनेस, फिर भी कंडम हालत की यह बसें, ऑटो सड़कों लगातार चलते है और प्रशासन बस देखता रहते है और किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठा रहता है, कि जब कोई दुर्घटना हो और इसके खिलाफ एक्शन लिया जाए बड़ा सवाल सिवनी में संचालित ओवरलोडिंग यात्री वाहनों के संबंध में अब देखना यह है कि परिवहन अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं. जागरुकता अभियान और शिविर लगाए जाते हैं जिसमें वाहन चालक के नेत्र परीक्षण भी कराए जाते हैं, यातायात नियमों का पालन ना करने और ओवरलोडिंग के संबंध में अगर हमें शिकायत प्राप्त होती है तो हम निश्चित ही कार्रवाई करेंगे. अब ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या शिकायत के बाद बाद ही कार्रवाई होगी, और फिर लगातार चेंकिग के बाद भी इस तरीके से अवैध वाहन ओवरलोड होकर चलते रहेंगे।

# शिक्षकों ने दिया मानवता का परिचय घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रयागराज के चलते सडक़ पर बहुत तेजी से यातायात है जिस कारण से आए दिन कोई ना कोई घटना सडक़ पर हो रही है दिनांक 25 /02/2025 को शाम 5:15 बजे गोपालजलगंज के पास हनुमान मंदिर के सामने पर एम्बुलेंस के द्वारा टैगोर वार्ड निवासी पुष्पा राय बादल पर स्कूल से वापस अपने घर की ओर जा रही थी तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से ठोकर मार कर भाग गया बताया जा रहा है कि आगे जाकर 200 मीटर की दूरी पर बाइक में सवार आसिफ खान और इनु खान गोपालगंज निवासी को भी अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार कर भाग गया जिस कारण से तीनों घायल रोड में पड़े हुए थे तब तक कोई एंबुलेंस नहीं आई तभी सभी घर की ओर वापस लौट रहे शिक्षको द्वारा मानवता का परिचय देते हुए उनको सडक़ किनारे लाकर मनोहर श्रीवास और संतोष बिसेन के द्वारा इंडिका वाहन में तीनों घायलों को बिठाकर तुरंत ही जिला अस्पताल के लिए रवाना किया गया सही समय पर उनका इलाज कर उनकी जान बचाई गई बताया जा रहा है कि पुष्पा श्रीवास ने हेलमेट पहना था जिस कारण से उनको सर में चोट नहीं आई और वहीं पर दूसरे बाइक में सवार आसिफ खान जिसने हेलमेट नहीं पहना था उनके सर पर बहुत गहरी चोट आई है लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि टाइम पर इलाज हो जाने से वह खतरे से बाहर है।

# 4.70 किलो गांजा के साथ दो युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

**सिवनी जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के नेतृत्व में, एएसपी गुरुदत्त शर्मा और सीएसपी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 4 किलो 70 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।**



मुखबिर की सूचना पर हुई
दिनांक 23 फरवरी 2025 की रात पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लूघरवाड़ा श्मशान घाट के पास दो व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध गांजा रखे हुए हैं। इस सूचना पर तुरंत कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई और उन्हें कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम ने बीझावाड़ा रोड पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

गिरफ्तारी और बरामदगी
पुलिस द्वारा पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के पास से एक लाल रंग के बैग में 4 किलो 70 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जब आरोपियों से गांजे से संबंधित कोई वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई।

सिवनी जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के नेतृत्व में, एएसपी गुरुदत्त शर्मा और सीएसपी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 4 किलो 70 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

दिनांक 23 फरवरी 2025 की रात पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लूघरवाड़ा श्मशान घाट के पास दो व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध गांजा रखे हुए हैं। इस सूचना पर तुरंत कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई और उन्हें कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम ने बीझावाड़ा रोड पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

**गिरफ्तार आरोपी** संतोष यादव पिता सुक्कन यादव, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम मढ़ी, थाना आदेगांव।
टीकाराम नेमा पिता झाडूलाल नेमा, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम डांगावानी, थाना आदेगांव।
**जप्त सामान**4 किलो 70 ग्राम गांजा, अनुमानित कीमत ₹40,000।
मोबाइल फोन, अनुमानित कीमत ₹20,000।
नगद राशि ₹1320।
गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि वे गांजा कहां से लाए थे और इसे कहां सप्लाई करने वाले थे। इसके अलावा, उनका आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे पहले भी इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं या नहीं।

# ग्रामवार सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की कार्ययोजना को लेकर जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

**अंतिम छोर तक के किसानों को सिंचाई के लिए सुविधाजनक रूप से पानी उपलब्ध कराने की कार्ययोजना को लेकर मंगलवार 25 फरवरी को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं विधायकगण श्री दिनेश राय एवं रजनीशसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



बैठक में जल उपभोक्ता संथा के पूर्व अध्यक्षों तथा किसान प्रतिनिधियों एवं जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ एवं मैदानी अमले की उपस्थिति में ग्रामवार सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्व सहमति से आगामी 15 दिवस का दिन प्रतिदिन आधार पर ग्रामवार कैलेंडर जारी करते हुये निर्धारित तिथि पर संबंधित ग्राम में पानी पहुंचाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये। इस दौरान अनाधिकृत रूप से नहरों से मोटर द्वारा पानी लेने वाले किसानों, नहरों को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्तियों तथा पानी को रोकने वाले व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कराते हुए वैधानिक कार्यवाही कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अभियंता श्री अशोक डेहरिया, पेंच एस. ई. श्रीमती कुमकुम कौरव, जल संसाधन मंडल सिवनी के एस. ई. श्री अंब्रिस श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री श्री विनोद कुमार उइके, कार्यपालन यंत्री व्ही. पी. चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**सिंचाई के लिए ग्रामवार जारी कैलेंडर**

मुख्य अभियंता श्री अशोक डहेरिया द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पेंच व्यपवर्तन परियोजना अंतर्गत बखारी शाखा नहर में शामिल कपुर्दा, सर्रा, सुरजना, माचीवाडा,सलकनी, बिलिंदा, बींझावाडा, हथनापुर, पिपरिया, सिंगोडी, सिमरिया, मुंगवानीखुर्द, मुंगवानीकला, कन्हरगांव,जाम, जैतपुरखुर्द, सापापार, चौडा, बाधी, गाडरवाडा,दिघोरी, चंदौराकला, चंदौरीखुर्द, बंधा, बिहरिया, कोडिया, गंगेरूआ, नंदनी, औरिया रायत, जमुनिया, पिपरिया, समनापुरमाल, समनापुर रैयत, जरौंदा, सागर, पोतलपानी, लामटा, बखारी में सतत पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। शेष ग्राम बांकी, जुरतरा, जुझारपुर, मोठार एवं रामगढ में 05 मार्च से 15 मार्च तक पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

इसी तरह सिवनी शाखा नहर के समसवाड़ा, घोरावाडी, खमरियाखुर्द, कोहका, सुकरी, कमकासुर, ठरका, मैनपार, पीपरडाही, चारगांव, जमुनिया, बिनेकी, फुलारा, करहैया, कारीरात, संगई, गंगई,लखनवाडा, कोनियापार, पिंडरई, भंडारपुर, गुंदरई, आमाकोला, चांवडी, पलारी, सिमरिया, फरेदा, मरझोर, बम्होडी, परतापुर, लोनिया ग्रामों में जलापूर्ति जारी है। डी -01 वितरण एवं डी-2 वितरण के सभी ग्रामों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। डी - 03 के चोरगरठिया, भोंगाखेडा में पानी लगातार जारी है। वहीं गरठिया, राहीवाडा एवं बंडोल में 01 मार्च से 10 मार्च तक पानी उपलब्ध किया जायेगा। इसी तरह डी-04 में शामिल नगझर, बलपुरा, जमुनिया, बिहीरिया, सोनाडोंगरी एवं खामखरेली में जल प्रवाह जारी है।

इसी तरह भीमगढ़ बाईं तट नहर के जल उपभोक्ता संथा सुनवारा, कुडारी, देवरी एवं बोथिया में शामिल ग्रामों में पानी उपलब्ध कराया जा चुका है। जल उपभोक्ता संस्था ग्वारी अंतर्गत ग्राम सुकतरा, अहरवाड़ा, मोहगांव, थावरी, सांवरी , बिछुआ माल, बिछुआ रैयत, सुनझिरी, खापा, देहवानी, खैररांझी एवं सालीवाडा के कृषकों को द्वितीय पानी 28 फरवरी तक पहुंच जायेगा।
इसी तरह जल उपभोक्ता संस्था छींदा के ग्राम सुनहरा, पुतर्रा, देहवानी, किनाची, दुधवारा, डूंगरिया, गुवरिया, कोहका, रायखेड़ी, चंदनखेड़ा, तेंदुआ, बक्शी, बबरिया, छींदा , कुर्सीपार, बिछुआ, पुंगार , सराई , मालनवाड़ा एवं केवलारी खेड़ा में दिनांक 09 मार्च तक पानी पहुंचा दिया जाएगा।
दायीं तट नहर जल उपभोक्ता संथा के छुई, डूंडासिवनी, ढुटेरा के ग्रामों में पानी उपलब्ध कराया जा चुका है। जल उपभोक्ता संथा सरेखा के ग्राम पारसपानी, पांजरा, सरेखा, लालोपार, अर्जुनझिर , देवझिर, कुम्हड़ामाल, कुम्हड़ा रैयत, झोला, भादू टोला, पीपरदोन एवं अलोनीखापा माल में 06 मार्च तक पानी पहुंचेगा।
जामुनपानी संथा में शामिल परासपानी, मोहगांव, कडवेथांवरी, कछारी, जामुनपानी, पनवास, डोकररांजी, बगलई एवं कोहका में 08 मार्च तक पानी पहुंचाया जायेगा।

# केवलारी में चिकन सेंटर का हटाया अतिक्रमण

**केवलारी--केवलारी दिनांक 25/ 2 /2025 मंगलवार को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर संस्कृति जैन कलेक्टर ने नगर परिषद को निर्देशित किया था किआवंटित दुकान मे आजाद चिकन सेंटर के द्वारा मीट की दुकान नहीं लगा रहा है।अतिक्रमण कर पृथक से मीट मटन की दुकान चला रहा है।**




जनसुनवाई सिवनी मे शिकायत कर्ता ने शिकायत दर्ज कराया कि बार्ड नंबर 10 मे स्तिथ मछली मार्केट मे बनी दुकान क्रमांक 8 आजाद चिकन सेंटर को आवंटित है।आवंटित दुकान पर दुकानदार द्वारा मुर्गा मटन की दुकान ना लगाकर अलग से अतिक्रमण कर दुकान चला रहा था। चंद्रकिशोर भवरे सीएमओ नगर परिषद ,धीरेंद्र पुसाम कार्यालय अधीक्षक नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन की उपास्तिथी मे अतिक्रमण कर संचालित आजाद चिकन सेंटर की दुकान को हटाया गया।

### आईएफएमआईएस पोर्टल पर शासकीय कर्मियों के समग्र पंजीयन तथा आधार लिंकिंग अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली अंतर्गत शासकीय सेवकों की जानकारी का सत्यापन समग्र आईडी से किया जाना है एवं वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाना है। उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस अंतर्गत ईएसएस के माध्यम से उनके कार्यालय में पदस्थ सभी शासकीय कर्मियों की समग्र आईडी का पंजीयन तथा आधार लिंकिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### सिवनी निवासी पुलिसकर्मी जीजा से मिलने भोपाल जा रहा था, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

सिवनी। हरसूद थाना क्षेत्र के चारखेड़ा रेलवे स्टेशन के निकट तवा नदी ब्रिज स्थित रेल ट्रैक पर पुलिसकर्मी का शव क्षत- विक्षत अवस्था में मिला। सूचना सोमवार रात करीब डेढ़ बजे चारखेड़ा स्टेशन मास्टर द्वारा हरसूद थाना पुलिस को दी गई थी। रात करीब ढाई बजे हरसूद थाने की टीम पहुंची। पुलिसकर्मी अपने जीजा अनिल बघेल जो कि भोपाल मंत्रालय में काम करते हैं, उनसे मिलने जा रहा था। शव को हरसूद मर्च्यूरी लाया गया। मंगलवार सुबह फिर हरसूद पुलिस की टीम घटना स्थल पर जांच करने मौके पर पहुंची। इस दौरान नेम प्लेट और बेल्ट मिला। नेम प्लेट टूट चुकी थी। इस पर 221 धमेंद्र सिंह बघेल लिखा हुआ था। हरसूद थाना प्रभारी राजकुमार राठौर ने बताया कि, नेम प्लेट और बेल्ट से पुष्टि हुई है कि मृतक पुलिसकर्मी है। आरक्षक धर्मेंद्र बघेल निवासी जिला सिवनी पीथमपुर पुलिस फायर स्टेशन पर काम करता था।

# ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए अधिकारियों को दिया गया प्राथमिक प्रशिक्षण

**राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला कार्यालयों में 31 मार्च 2025 से ई ऑफिस प्रणाली लागू किया जाना है । जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है,**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में सोमवार को सभाकक्ष सिवनी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में डीआईओ एनआईसी जी.एस.बघेल द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों को ई ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न कार्यो तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण में ई ऑफिस का परिचय व उपयोग दस्तावेज़ तैयार करना व अनुमोदन प्रक्रिया रिपोर्टिंग व फाइल ट्रैकिंग सुरक्षा उपाय व गोपनीयता इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। डीआईओ ने बताया कि विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और कुशल बनाने के उद्देश्य से ई ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।
जिसमें ई ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म का सही और प्रभावी उपयोग सिखाया जा रहा है, ताकि कार्यों को डिजिटल रूप से सुव्यवस्थित किया जा सकें। इससे कागजी प्रक्रिया में कमी लायी जा सकेगी। ई ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म पर दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग व प्रसंस्करण कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में सुधार कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करना है।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सभी जिला अधिकारियों को उनके विभाग के दो शासकीय सेवकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में ई ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण
दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रशिक्षण में बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपर कलेक्टर एवं सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे

# एमपी में मंहगी होगी जमीन - अहरवाल

**प्रदेश में उद्योगपतियों को उद्योग कारखाने स्थापित करने कौडि़यों के भाव जमीन दी जाएगी। इसके साथ ही अनेक प्रकार की सुविधाएं और छूट भी मिलेगी। लेकिन पिछला रिकार्ड बताता है कि उद्योग पति सरकारी बैंकों से लोन लेकर बड़े पैमाने पर जमीन खरीद कर उनमें रियल इस्टेट खड़ा करते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

करोड़ो रुपये कमाते हैं। कुछ उद्योगपति लोन सब्सिडी लेकर विदेश भाग जाते हैं। इस तरह अब प्रदेश में जमीन बहुत मंहगी होगी। वहीं लाखों लोगों को रोजगार देने की योजना में पानी फिर जाएगा।
उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए समाज सेवी रघुवीर अहरवाल ने बताया कि प्रदेश में उद्योग कारखाने स्थापित करने के लिए भोपाल में उद्योगपतियों को इन्वेस्ट करने पी एम मोदी जी एवं सी एम यादव जी ने एक शानदार मीटिंग की। जिसमें प्रदेश के लाखों लोगों को रोजगार देने के साथ साथ प्रदेश के विकास की रुपरेखा भी बनाई गई है। अब उद्योगपतियों को मनचाही जमीन कौडिय़ों के भाव दी जाएगी। साथ में करोड़ों रुपये के लोन, सब्सिडी, पानी, बिजली और आयकर आदि में छूट दी जाएगी। इनमें से कुछ ही उद्योगपति उद्योग स्थापित करेंगे। अधिकांश लोन और सब्सिडी लेकर प्रदेश में बड़े पैमाने पर जमीन खरीद कर रियल इस्टेट खड़ा करेंगे। जमीनों के भाव बेहताशा बढ़ेंगे। यहां तक की गरीबों को मकान बनाने के लिए जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा खरीदने बहुत तकलीफ होगी। इसी तरह कुछ उद्योगपति लोन आदि लेकर विदेश भाग जाएंगे। जो सरकार की लाख कोशिश के बाद भी वापिस नहीं आ सकते। जैसे विजय माल्या, नीरव मोदी आदि। श्री अहरवाल ने आगे बताया कि सरकारी सुविधाएं पाने के बाद उद्योगपतियों और कॉरपोरेट घरानों की सम्पति में भारी इजाफा हुआ है। वही कर्मचारियों के वेतन आदि में कमी आई है। यहां तक की लाखों लोगों को रोजगार देने का उद्योगपतियों ने जो आश्वासन दिया था। वह अधूरा रह गया। दूसरी तरफ देश प्रदेश में मंहगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ती ही जा रही है।

# मनरेगा की मजदूरी पर महंगाई भारी: मनरेगा में 243 रुपए की मजदूरी, शहर के प्राइवेट घरों के निर्माण में मिल रहे 400 रुपए

**मनरेगा की मजदूरी पर इस समय महंगाई भारी पड़ रही है। गांव का मजदूर मनरेगा की मजदूरी 243 रुपए छोड़ शहरों में 400 रुपए की प्राइवेट घरों के निर्माण की मजदूरी करना ज्यादा पसंद करता है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



इसके चलते हर दिन 2 से 3 हजार मजदूर हर दिन आसपास के गांवों से छिंदवाड़ा में मजदूरी करने पहुंचते हैं। इससे जिला मुख्यालय से लगी पंचायतों में भी कई बार मनरेगा के मजदूर मुश्किल हो रहे हैं।
जिले की कुल जनसंख्या करीब 13,79,131 है। इनमें से 35 फीसदी आदिवासी वर्ग है। जिनके पलायन रोकने सरकार ने वर्ष 2005 में मनरेगा योजना लागू की थी। इसका मकसद मजदूरों को 100 दिन का रोजगार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना था। तब से अब तक मनरेगा में कई तरह के बदलाव देखने को मिले हैं। वर्तमान में मजदूरी दर 243 रुपए रखी गई है। मजदूर वर्ग इसे महंगाई के अनुरूप नहीं मान रहा है। इसके चलते हर मजदूर की ख्वाहिश कम से कम 500 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी है। मनरेगा में कम मजदूरी इसलिए आते हैं शहर मजदूर बताते हैं कि ग्रामीण स्तर पर मनरेगा की मजदूरी कम मिल रही है। जबकि शहरी स्तर पर ज्यादा मजदूरी मिलती है। इसके लिए उनकी प्राथमिकता प्राइवेट घरों में मजदूरी ढूंढने की रहती है। सिवनी की कई ग्राम पंचायत आसपास के मजदूरों का है। बताते हैं कि इस वजह से मजदूरों की प्राथमिकता नागपुर के अलावा दूसरे राज्यों की मजदूरी रही है।

**केन्द्र सरकार के समक्ष उठानी होगी आवाज:** मनरेगा में मजदूरी कम होने का मुद्दा स्थानीय सांसद व जनप्रतिनिधियों को केन्द्र सरकार के समक्ष उठाना चाहिए। उनकी मजदूरी महंगाई के अनुरूप हो तो उन्हें इसका लाभ मिलेगा। उनका पलायन रुकेगा। एक विडम्बना यह है कि मप्र श्रमायुक्त की ओर से घोषित मजदूरी 394 रुपए है तो मनरेगा की मजदूरी 243 रुपए प्रतिदिन है। इसके चलते दूसरे लाइन विभाग भी श्रमायुक्त की मजदूरी न देकर मनरेगा की मजदूरी दे देते हैं और सीधे तौर पर भ्रष्टाचार करते हैं। इसे रोकने के प्रयास की जरूरत है।

## शंकरघाट और महामृत्युंजय घाट पर एलईडी स्क्रीन से दर्शन

# महाशिवरात्रि पर उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को अलसुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। 108 ज्योतिर्लिंगों में शामिल लांजी के कोटेश्वर धाम समेत शंकरघाट और महामृत्युंजय घाट पर श्रद्धालुओं ने पूजन किया। महामृत्युंजय घाट पर सिंधी समाज की ओर से 61वां महाशिवरात्रि पूजन का आयोजन किया गया।

हजारों भक्तों ने वैनगंगा नदी में स्नान कर शिव की प्रतिमा का पूजन किया। सिंधी समाज ने भक्तों को दाल पकवान और पोहा-जलेबी का महाप्रसाद वितरित किया। शंकरघाट में बढ़ती भीड़ को देखते हुए एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शिवपूजन का लाइव प्रसारण किया गया।

सांसद भारती पारधी, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर और युवा नेत्री मौसम सहित कई गणमान्य लोगों ने भी पूजन



किया।प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने आयोजकों के साथ मिलकर व्यवस्था संभाली। इससे सुबह से ही भक्तों का दर्शन-पूजन का कार्यक्रम निर्बाध रूप से चलता रहा। दोनों घाटों पर भक्तों को किसी तरह की असुविधा नहीं हुई।

### 40 किलो के मुकुट पहनकर शिव-हनुमान बने भक्त, भगवान की झांकियां दिखी

बालाघाट में महाशिवरात्रि पर शाम को जय बजरंग सेवादल समिति का 'रुद्र संग रुद्र अवतार' कार्यक्रम हुआ। इसमें दो भक्तों ने भगवान शिव और हनुमान का रूप धारण किया। साधक आदित्य पिपरा और ओम चावलानी ने 40 दिनों का ब्रह्मचर्य व्रत रखा। इसके बाद उन्होंने 40 किलो वजनी मुकुट धारण किए। शहर में निकली शोभायात्रा में हर-हर महादेव और जय वीर महावीर के जयकारे गूंजते रहे।यह आयोजन पिछले तीन सालों से हो रहा है। पानीपत की तर्ज पर दशहरा पर्व में भी ऐसा ही आयोजन होता है, जिसमें साधक हनुमान का वेश धारण करते हैं। इस बार



महाशिवरात्रि पर जय बजरंग सेवा समिति ने यह आयोजन किया।

शोभायात्रा शाम 7:30 बजे पुराने श्रीराम मंदिर के पीछे बलभीम व्यायाम शाला से शुरू हुई। यात्रा राजघाट चौक, महावीर चौक, सुभाष चौक और नया सर्राफा होते हुए हनुमान चौक तक पहुंची। फिर सर्किट हाउस मार्ग से होकर गुजरी। रास्ते में जगह-जगह साधकों का पूजन किया गया।

# शिव धाम खैरगांव में लगा श्रद्धालुओं की भीड़

## लाखों शिव भक्तों ने प्राकृतिक जल कुंड के जल से किया शिव जी का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट जिले के लामता तहसील के पचपेड़ी पंचायत के खैरगांव के समीप सावरझोड़ी नदी के तट में वर्षों पुराना जल कुंड से निकली धारा से लाखों शिव भक्तों ने शिवरात्रि के पावन अवसर में शिव जी का जल अभिषेक किया । शिवधाम समिति खैरगांव के अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने बताया कि यह स्थल में जल कुंड प्राचीन काल से प्रवाहित हो रही है ,इस स्थल में शिवरात्रि के पावन पर्व में 2 दिवसीय मेला लगाया जाता है ,शिवरात्रि के पावन पर्व में दूर दूर से श्रद्धालु भक्त दर्शन के लिए आते है , तथा जल कुंड के जल से विराजित शिवलिंग का जल अभिषेक कर मनोवांछित मनोकामना की अर्जी लगाते है ,जिन भक्तों की अर्जी मनोकामना पूर्ण होती है तो मनोकामना अनुसार प्रसादी भंडारा कराया जाता है , तथा मन्नत वाले श्रद्धालु भक्त नंदी सजाकर मंदिर में धूम धाम नाचते गाते आते है , ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पुराना जल कुंड की इस धारा के जल से कई असाध्य बीमारी का इलाज हो रहा है ,जैसे ब्लेड प्रेसर ,लकवा ,टी बी एवं खाज खुजली जैसे बीमारी वाले लोग सुधर रहे है ,यह जल धारा वर्षों से इसी प्रकार बह रही है ,इस स्थल में 1967 से शिवरात्रि के पावन पर्व में मेला निरंतर रूप से लगते आ रहा है , इसी स्थल में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रामचरित्र मास का पाठ किया जा रहा है ,कल हवन पूजन कर भंडारा प्रसादी का वितरण किया जावेगा ।शिव धाम मेला समिति द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 7 से 8 एकड़ भूमि में मेला का आयोजन किया गया है ,इस वर्ष श्रद्धालु भक्तों की भीड़ पिछले वर्ष के अपेक्षा अधिक है ,मेला समिति के आयोजकों द्वारा भीड़ को देखते हुए सुरक्षा हेतु पुलिस प्रशासन से गुहार लगाकर पुलिस सुरक्षा के लिए पुलिस बल लगाया गया है । इस दौरान संतोष राहंगडाले सरपंच ग्राम पंचायत पचपेढ़ी ,विनोद बोथरा समाजसेवी ,नरेश बिसेन पूर्व सरपंच, बाबूलाल राहंगडाले समाजसेवी, प्रमोद राहंगडाले सरपंच ग्राम पंचायत चांगोटोल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## सिविक एक्शन कार्यक्रम 20 के तहत जरूरत की सामगी का वितरण

**किरनापुर।** 07 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिनांक- 25/02/2025 को वाहिनी के कमाण्डेंट श्री कपिंग गिल के मार्ग दर्शन व समवाय अधिकारी ए/07 वाहिनी के निरी०/ जीडी० बनीत कुमार कपुर के कुशल नेतृत्व में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ए/बटा० के.रि.पु. बल कोरका जिला-बालाघाट में चलाये गये भारत सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम (Skill Development Programme) के तहत सिलाई मशीन के द्वारा कपडे सिलाई का प्रशिक्षण दिनाँक 11/02/2025 025 से 25/02/2025 तक मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षको द्वारा चलाया गया। इस प्रशिक्षण में कैम्प के आस-पास नक्सल प्रभावित गाँवो (कोरका, उसेकल, बोन्दारी, मधुरदा इत्यादि) के 15 महिलाओ ने भाग लिया व प्रशिक्षण प्राप्त किया। तत्पश्चात प्रशिक्षण प्राप्त 15 महिलाओ को अपने आजिविका चलाने के लिए सिलाई मशीन का वितरण किया गया।

# महादेव पहाड़ी पर लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज हट्टा।



पुलिस के वरिष्ठ महाधिकारियों के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम के तहत हट्टा थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौर जी नेतृत्व मे क्षेत्र के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित ग्राम डोंगरगांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर पहाड़ी के जंगल में 26 फरवरी 2025 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । पुलिस चिकित्सक डॉक्टर पी आर रोकड़े हट्टा , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हट्टा से डॉक्टर दीक्षा कुर्वे, डॉक्टर हर्षा अजीत मेडिकल ऑफिसर, राजेश कावरे फार्मासिस्ट, युवराज चंद्रवंशी मेडिकल फार्मासिस्ट धनवंत लिल्हारे नर्सिंग ऑफिसर, सुजाता नर्सिंग ऑफिसर ,दीक्षा हरिनखेडे लैब टेक्नीशियन ,अर्चना सेनेपुर ने अपनी सेवाएं देकर दूर - दराज से आए 240 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण करने शुल्क दवा वितरण किया गया शिविर को सफल बनाने में हट्टा थाना से भानु आरक्षक, देवलाल ठाकरे ,महिला आरक्षक आशा उयके , सैनिक सुखलाल नगपुरे ने शिविर को सफल बनाने मे योगदान दिया।

## विकास में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण- भारती ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका

# समृद्धि योजनान्तार्गत स्वयंसेवी संस्थाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**बालाघाट।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जिला स्तर पर परिषद की समृद्धि योजनान्तर्गत स्वययंसेवी संस्थाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रेंजर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जन अभियान परिषद के समन्वयक सुशील बर्मन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तथा जन अभियान परिषद द्वारा चलाई जा रही योजनाऔं की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि जन अभियान परिषद जिले में स्वैच्छिकता के साथ कार्य कर रहा है और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जन अभियान परिषद लगातार कार्य कर रहा है। जन अभियान का काम अब रूकने वाला नहीं है, वह तेज गति के साथ समाज में जागरूकता गतिविधि एवं सामाज निरंतर नेतृत्व कर रहा है। आज समाज को परिषद की आवश्यकता भी है जिससे समाज शासन के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चल रहा है।

कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डॉ. पीके बिसेन ने कहा कि स्वैच्छिक संगठन समाज में कृषि की उन्नत तकनीक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से किसानों तक पहुंचाये एवं उन्हें उन्नत तकनीक सीखायें ताकि वे फसल उत्पादन को बढा सके। कृषि विज्ञान केन्द्र से जुडकर नई-नई तकनीक सीखकर उसे समाज तक लेकर जायें। उन्होंने जन अभियान परिषद के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि समाज में ऐसे ही कार्य करते रहें। इस अवसर पर सामाजिक अंकेक्षण व प्रशिक्षक संदीप रामटेक्कर ने आंकलन एवं अंकेक्षण की प्रक्रिया और स्वैच्छिक संगठनों के योगदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सामाजिक अंकेक्षण के विषय में बारीकियो को बताया। प्रशिक्षण में अजय ठाकुर प्रशिक्षक ने सीएसआर एवं सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समापन सत्र में एएसपी श्री विजय डाबर ने कहा कि जन अभियान परिषद गाँव-गाँव पहुंच, लोगों में जन जागरूकता के कार्य कर रहें है।

## सहकारी समिति बघोली के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**बालाघाट।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति बघोली के निर्वाचन के लिए वनपाल भोलाराम नारनौरे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। जिसके निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम अनुसार सदस्यता सूची का प्रकाशन करने की तारीख 3 मार्च, सूची पर आपत्ति प्राप्त करने की तारीख 10 मार्च, प्राप्त आपत्तियों पर निराकरण व अंतिम सूची का प्रकाशन 11 मार्च, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तारीख 12, 13 व 17 मार्च, अपील के निराकरण के अंतिम तारीख 24 मार्च और राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने की तारीख 27 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।

## नाबार्ड डीजीएम ने लामटा माइक्रो सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण

**बालाघाट।** लामटा माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नाबार्ड के डीजीएम श्री वीरेंद्र सिंह पहुँचे। परियोजना के कार्यपालन यंत्री श्री उदेसिंह परते ने बताया कि 12 हजार से अधिक किसानों को लाभान्वित करने वाली योजना के निर्माण कार्य का अवलोकन नाबार्ड के डीजीएम श्री सिंह द्वारा 21 फरवरी को किया गया। उन्होंने माइक्रो सिंचाई परियोजना की प्रगति रिपोर्ट देखी साथ ही उन्होंने परियोजना के उत्तर व दक्षिण पम्प हॉउस तथा हौज सिस्टम का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## डोंगरगांव में शिवरात्रि मे शिवालय पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मुख्यालय से 25कि.मी.ग्राम डोंगरगांव से 03किमी.दूर पहाड़ी पर स्थित भगवान शिव जी का रूद्राभिषेक कर त्रिशूल यात्रा के साथ निकाली गई इस क्षेत्र मे महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।



इस अवसर पर कई जगहों पर मेला का आयोजन किया गया है। शिवरात्रि को लेकर शिवालय पूरी तरह सजधज चुके थे। श्रद्धालु सुबह से ही शिव मंदिरों मे पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए उमड़े हुए थे। बुधवार सुबह से ही शिव मंदिरों में लोगों की भीड़ जुटने लगी और शिव लिंग का पूजन करने और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं को आना शुरु हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। इन तीनों स्थानों पर प्रति वर्ष दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है।एक दिन पूर्व शिव-पार्वती विवाह उत्सव को लेकर जुलूस निकाला गया। जिसमें रंग बिरंगे रुप धारण कर सभी लोग बोल बम का नारा लगाकर भगवान शिव की जय जय कार कर रहे थे। रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जहां गणेश पूजन, शिवलिंग पूजन, जलाभिषेक कार्यक्रम एवं संध्या कालीन भजन कीर्तन कार्यक्रम सहित धार्मिक अनुष्ठान किए । श्रद्धालु ट्रैक्टर, आटो, टाटा, स्कार्पियो आदि वाहनों से मंदिरों में दर्शन करने पहुंच रहे है। महाशिवरात्रि को लेकर चारों ओर भक्ति मय वातावरण है। प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी चुस्त व दुरुस्त दिखे। जिसमें सैकड़ों प्रकार के दुकान सजे । जहां पूजा पाठ करने आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मेला का आनंद उठाया। जिसमें आतिशबाजी एवं शिव प्रसाद के रुप मे समिति की ओर से महाप्रसादी वितरण किया गया।

## हर-हर महादेव के जयघोष से गुंज उठे शिवालय, सुबह से शुरू हुआ पूजा अर्चना का दौर

# महाशिवरात्रि में भसियागढ़ में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शिव और शक्ति के मिलन का महापर्व महाशिवरात्रि बुधवार को समूचे कटंगी क्षेत्र में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर क्षेत्र के सिद्ध धार्मिक स्थल भसियागढ़ महादेव खोली में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और अपने परिवार सहित क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते पूजा-अर्चना की. भसियागढ़ मंदिर में सुबह 4 से ही शिव भक्तों का आना-जाना शुरू हो चुका था जो अब देर शाम तक जारी रहेगा. मंदिर समिति के अनुसार पहले दिन करीब 20 हजार से अधिक शिव भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की. भसियागढ़ मंदिर में पूरा दिन हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दी. सुबह तड़के मंदिर में पहुंचे भक्तों ने भगवान शिव का जल,



दूध, शहद, बेर, बेलपत्र से अभिषेक किया और मन्नत मांगी. भसियागढ़ मंदिर में पहुंचकर कई भक्तों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार संपन्न करवाया. वहीं परंपरा अनुसार कई परिवारों ने नंदी यात्रा निकालकर भसियागढ़ पहुंच कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की. भसियागढ़ के अलावा जाम स्थित शिव मंदिर में भी बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी पहुंचे. भसियागढ़ में आने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा. इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी नजर बनाएं रखी. एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी माणक मणि कुमावत, तहसीलदार सुरेश उपाध्याय, कटंगी थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया, तिरोड़ी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले भसियागढ़ मंदिर पहुंचे. सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से पुलिस अमला यहां तैनात रहा. भसियागढ़ पहुंचे धर्म प्रेमियों ने जहां मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा की. वहीं पहाड़ी में दो अलग-अलग दिशाओं में स्थापित गोंड राजाओं की बारात और दुर्गा मोती का दर्शन लाभ लिया।

# भारी वाहन से कांपने लगता है 100 साल पुराना पुल



## बालाघाट के बरबसपुर में अंग्रेजकालीन पुल जर्जर, वैकल्पिक मार्ग नहीं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर लालबर्रा क्षेत्र के बरबसपुर में अंग्रेजों के समय बना पुल जर्जर हो गया है।

ग्रामीण बताते हैं कि ढूटी डैम की मुख्य नहर पर करीब 100 साल पहले पुल बना था, जो कई महीनों से जर्जर हो चुका है। प्रशासन ने सावधानी के लिए एक बोर्ड भी लगाया था, लेकिन असामाजिक तत्वों ने इसे निकाल कर फेंक दिया। अब यहां से भारी वाहन गुजरते हैं तो पुल कांप उठता है।

बताया जाता है कि यह पुल डोंगरिया से बरबसपुर के मार्ग को जोड़ता है। ऐसे में यह पुल ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन के लिए काफी उपयोगी है। चूंकि मार्ग से बड़े वाहन सहित ग्रामीण आवागमन करते हैं। ऐसे में अकसर हादसे का भय सताता रहता है।

खास बात यह है कि विभाग जर्जर पुल से आवागमन को चेतावनी बोर्ड लगाकर भूल गया, लेकिन इसके जीर्णोद्धार को लेकर प्रयास नहीं किया। इससे ग्रामीण नाराज हैं।

**ग्रामीण बोले– हमेशा बना रहता है हादसे का भय:** बरबसपुर निवासी अशोक बिसेन बताते हैं कि यहां पर आए दिए हादसे होते हैं। इसमें लोग गंभीर रूप से घायल भी होते हैं। हादसे में कुछ लोगों की मौत भी हो चुकी है। इस पुल से गुजरने वाले एक वाहन चालक राजेश यादव बताते हैं कि यहां से आवागमन के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं होने से मजबूरी में हमें यहां से भारी वाहन लेकर गुजरना पड़ता है।

पुल के जर्जर और संकरा होने से अकसर भारी वाहनों के गुजरने के दौरान ग्रामीण किसानों और मजदूरों को आवागमन में परेशानी होती है, वहीं ग्रामीणों को हमेशा डर रहता है कि भारी वाहनों के कारण जर्जर पुल ना गिर जाए। यदि ऐसा होता है तो क्षेत्रीय लोगों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाएगा।

## लालबर्रा के रवि पाठक पर धनवंती बनोटे ने लगाए धोखाधड़ी के आरोप

# पति का अपहरण कर कराई जमीन की रजिस्ट्री, अब नहीं हों रही एफआईआर

## कहा: फर्जी साइन कर दिए चेक और फर्जी तरीके से की जमीन की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पति के गले पर चाकू रख कर पत्नि से कराई जमीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप लालबर्रा के रवि गिरीश पाठक पर महिला ग्राम टवेझरी निवासी धनवंती बनोटे ने लगाते हुए लालबर्रा थाना, भरवेली थाना, पुलिस अधीक्षक, आईजी बालाघाट और जिला पंजीयक कार्यालय को देकर रवि पाठक, गिरिश पाठक इलु नागोत्रा, अशरफ अली, फईम खॉन, अमित लिल्हारे, भूरु भाईजान व अन्य साथी पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं महिला ने यह भी बताया कि जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने को लेकर दबाव बनाया गया और पति को अपहरण कर लालबर्रा के होटल में बंद कर दिया गया और रजिस्टार के द्वारा नगद राशि दर्जा कर तथा चेक दर्जा कर किया गया है। जबकि जो चेक दिए हैं वह फर्जी चेक दिए गए हैं। जिले के अधिकारियों से मांग है कि रजिस्ट्री निरस्त कर न्याय दिलाया जाए।जानकारी अनुसार, धनवंती बनोटे पति सुरेन्द्र बनोटे निवासी टवेझरी ने बताया कि मैं घरेलु कार्य करती हूँ, मेरी कृषि भूमि ग्राम भोंडवा में शबीना बेगम पति असरु अली के साथ सम्मिलित खाते में कुल 6 एकड़ भूमि स्थित है। इस भूमि को मैने एवं शबीना बेगम ने मिलकर रवि पाठक पिता गिरिश पाठक को कुल 1,15,26000 में बेचने का सौदा दिनांक 18-03-2023 को किया था, किन्तु रजिस्ट्री के पहले कलेक्टर महोदय बालाघाट द्वारा भूमि के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई थीं, जिस कारण बयाने में ली गई राशि को वापस कर सौदा निरस्त कर दिया गया था। मैने रवि पाठक को 4 लाख रूपये में से 1 लाख फोन पे एवं 3 लाख चेक से एवं 10 लाख रूपए मेरे पति सुरेन्द्र बनोटे के खाते से आरटीजीएस कर रवि पाठक के खाते में कुल 14 लाख रुपए जमा किए थे।

**राशी लौटने के बहाने किया अपहरण:** महिला ने कहा कि शेष राशि 23 लाख रूपए रवि पाठक को वापस लौटाना था। इसी कारण दिनांक 09 फरवरी 2025 को सुबह करीब 10 बजे मेरे पति सुरेन्द्र बनोटे को अशरफ अली वार्ड न. 09 बैहर रोड़ बालाघाट एवं अमित लिल्हारे ग्राम नैतरा का फोन आया और कहा की तुम लोगो को रवि पाठक ने लालबर्रा का प्लाट दिखना है और 23 लाख रूपए की राशी वही बराबर करनी है कहकर बुलाया गया और अशरफ अली, अमित लिल्हारे, अयान अली, फईम खॉन ने मेरे पति सुरेन्द्र कुमार बनोटे को मारुती बलेनो कार से लालबर्रा ले गये लालबर्रा में प्लाट पर ही मेरे पति के साथ मारपीट की गयी और होटल अवध



लालबर्रा के कमरे में बंद करके रखे थे। मेरे पति को अपने पास रखकर मेरे पति से मुझे फोन पर बात कराया गया तब मैंने मेरे जेठ गिरधारी बनोटे को फोन किया तो मेरे जेठ गिरधारी ने 100 नं. पर डायल कर पुलिस को सुचना दी। और मेरे जेठ लालबर्रा पहुंचे मेरे जेठ के सामने मेरे पति के साथ मार-पीठ की गयी और बकाया राशी 23 लाख रुपए के एवज में दूसरी जमीन की रजिस्ट्री करने दबाव देने लगें।

**फर्जी चेक देकर कराई रजिस्ट्री:** मेरे स्वयं के नाम की जमीन मानेगांव भरवेली में 90 डिस्मिल है जिसका बाजार भाव लगभग 90 लाख रूपय किमत की है। मात्र 42 लाख रूपए में रजिस्ट्री कर देने कहा अन्यथा रजिस्ट्री नही करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी ड़र के कारण मै बालाघाट आकर रवि पाठक के पक्ष में मानेगांव की जमीन जिसका खसरा नं. 108/1/1/1/2 रकबा 0.162 है. 108/1/1/1/1 रकबा 0.088 हे. खसरा नं. 110/1/1/2 रकबा 0.062 खसरा नं. 110/1/3/1 रकबा 0.052 इस प्रकार कुल रकबा 0.364 हे. अर्थात 0.90 डि. भूमि रवि पाठक ने मुझे डरा धमका कर राशि दिये बिना ही रजिस्ट्री करा ली परन्तु रजिस्ट्री पत्र मे 18 लाख रूपये की नगद राशि लिखवाकर 19 लाख रूपये के लिए भारती स्टेट बैंक से भुगतान होना बताकर 6-6 लाख के दो चेक, 7 लाख का एक चेक कुल रकम 19 लाख के 3 चेक अपने पिता गिरिश पाठक के नाम के चेक मेरे पति सुरेन्द्र बनोटे को अपने घर पर लालबर्रा मे दिये गये मेरे पति ने इन चेको को भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत किया तो बैंक ने इस आधार पर वापस कर दिया की खाते में रूपये नहीं है और चेक मे किये गये हस्ताक्षर गिरिश पाठक के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते और मुझे फर्जी चेक देकर मेरी पत्नि से जबरन पंजियन करवा लिया।

**घटना की पुलिस नहीं कर रहीं जांच:** घटना के संबंध में लालबर्रा थाने द्वारा मेरे पति से कहा गया की आपकी रिपोर्ट भरवेली थाने में दर्ज होगीं परन्तु जब मै भरवेली थाने में रिपोर्ट लिखने गयी तो उन्होने रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया। मेरे पति बहुत डरे हुए है घर से निकलने की हिम्मत नहीं हो रही है अभी भी जान से मारने की धमकी फोन द्वारा मेरे पति को दी जा रही है। रवि पाठक इलु और उसके अन्य साथी मिलकर मेरे पति का अपहरण कर होटल में बंद कर जान से मारने की धमकी देकर बेरहमी से लकड़ी हाथ मुक्कों से मारपीठ कर, जबरन जान से मारने की धमकी देकर रजिस्ट्री पत्र लिखवा लेने के बाद रवि पाठक के पिता गिरिश पाठक लालबर्रा के द्वारा फर्जी चेक दिया गया। फर्जी हस्ताक्षर कर चेक देने के संबंध में रवि पाठक, गिरिश पाठक इलु नागोत्रा, अशरफ अली, फईम खॉन, अमित लिल्हारे, भूरु भाईजान व अन्य साथी की तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर सक्त कार्यवाही किये जाने के लिए पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है।

**नगद राशि में जमीन की रजिस्ट्री:** सब रजिस्ट्रार एम.एस. मसराम ने बताया कि सुरेन्द्र बनोटे और लालबर्रा के पाठक के बिच में जमीन की रजिस्ट्री को लेकर कुछ पैसा का विवाद था, फिर महिला के नाम की भूमि को नगद राशि में रजिस्ट्री कर दी गई है। वहीं अधिकारियों की मानें तो नगद रकम में जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती. आयकर विभाग के नियमों के मुताबिक, 20 हज़ार रुपये से ज़्यादा की जमीन की ख़रीद-फ़रोख़्त के लिए चेक या डिमांड ड्राफ़्ट का इस्तेमाल करना होता है. रजिस्ट्री के समय इनकी कॉपी जमा करानी होती है. नए नियमों के पीछे का मकसद: ब्लैक मनी से प्रॉपर्टी में निवेश रोकना, जमीन की ख़रीद-फ़रोख़्त में होने वाली हेराफ़ेरी रोकना, टैक्स चोरी रोकना, भू-माफ़िया पर लगाम लगाना।